फा०सं०3-5/2019/रा०ए०दि०/प्र०अ०/

प्रबंधक अनुभाग

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

दिनांक: 25.10.2022

विषय: परिषद् में 31 अक्तूबर, 2022 को राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अवर सचिव, साक्षरता एवं स्कूल शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय (भारत सकार) नई दिल्ली के पत्र दिनांक 19 अक्तूबर, 2022 द्वारा निदेशक परिषद्, संयुक्त निदेशक परिषद् और सचिव परिषद् को ई-मेल द्वारा सूचित किया गया है कि 31 अक्तूबर, 2022 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को **राष्ट्रीय एकता दिवस** के रूप में मनाने का कार्यक्रम संस्था संस्था द्वारा आयोजित किया जाए।

जैसाकि विदित है भारत के लौह पुरुष कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। इस दिन की शुरुवात केंद्रीय सरकार द्वारा सन् 2014 में 31 अक्तूबर को दिल्ली में की गई थी। सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा देश को एक जुट करने के अनेकों प्रयास किए गए इन्हीं कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए इस दिन को **राष्ट्रीय एकता दिवस** के रूप में मनाया जाता है।

अत: परिषद् के सभी विभागों/प्रभागों/अनुभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि दिनांक 31 अक्तूबर, 2022 को प्रात: 11.00 बजे राष्ट्रीय एकता दिवस के **शपथ ग्रहण** कार्यक्रम में जाकिर हुसैन खण्ड के समक्ष भाग लेने का कष्ट करें। शपथ/संकल्प ग्रहण परिषद् के निदेशक महोदय द्वारा सामूहिक रूप से दिलाया जाएगा।

यह सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

महावीर सिंह

(महावीर सिंह)

अवर सचिव (प्र०अ०)

प्रति,

1. निदेशक के निजी सचिव से अनुरोध है कि उपर्युक्तानुसार निदेशक महोदय की उपस्थिति सुनिश्चित करवाने की कृपा करें।
2. संयुक्त निदेशक के निजी सचिव
3. संयुक्त निदेशक, केंशैप्रौसं के निजी सचिव, इस आशय के साथ भी प्रेषित किया जाता है कि कृपया इस अवसर पर फोटोग्राफी एवं पीए सिस्टम की व्यवस्था करवाने की कृपा करें।
4. सचिव के निजी सचिव
5. परिषद् के सभी विभागों/प्रभागों/एककों/प्रकोष्ठों आदि के अध्यक्ष
6. परिषद् के सभी अनुभाग/प्रकोष्ठ/एकक/शाखा इत्यादि।
7. सभी उप सचिव एवं अवर सचिव

परिचालित करें।

किरन 27-10-22

अ. अ. / स्थापना

1437 स्था. 27/10/2022